### एक सप्ताह पूर्व खबर प्रकाशित होने के बाद भी विभाग ने नहीं ली किसान की सुध, टूटती उम्मीदों को सिर्फ न्यायालय का सहारा

# 9 शिकायतों और शपथ पत्र देने के बाद भी किसान को नहीं मिली राहत

# खबर और शिकायत को झूठा बताकर विभाग ने झाड़ा पल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा (मनीष गड़करी)

जिले की सांवरी तहसील के ग्राम सोनमऊ में सामने आया एक मामला न केवल सरकारी लापरवाही की पोल खोलता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि जनसुनवाई जैसी व्यवस्थाएं अब सिर्फ कागजी औपचारिकता बनकर रह गई हैं। एक ओर किसान अपनी बर्बाद फसल और डूबती जमीन को लेकर दर-दर भटक रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार विभाग खबरों का खंडन कर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में जुटा हुआ है।

सारोठ जलाशय से सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइपलाइन, जो किसानों के लिए वरदान साबित होनी थी, अब अभिशाप बन चुकी है। ग्राम सोनमऊ निवासी किसान विनोद लाड़े की करीब 2 से 3 एकड़ जमीन पाइपलाइन के लगातार रिसाव के कारण दलदल में तब्दील हो चुकी है। सोयाबीन और टमाटर की पूरी फसल बर्बाद हो गई, जिससे किसान को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है।


हरिभूमि
छिंदवाड़ा भूमि
सरकारी पाइप लाइन रिसाव से बर्बाद हुआ किसान का खेत, मेंटाना कंपनी का है ठेका
सरकारी लापवाही या दिखावटी जनसुनवाई
9 बार जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी किसान को नहीं मिला न्याय


हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के खण्डन के संबंध में।

### "कार्रवाई नहीं, खबर का खंडन जरूरी?"

इस गंभीर मामले को जब अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, तो उम्मीद थी कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत देंगे। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री कुमकुम कौरव पटेल ने एक पत्र के माध्यम से इस खबर को "झूठा" बताते हुए अखबार से इसका खंडन छापने का आग्रह कर दिया। यह पत्र जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से भेजा गया। सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि जब खेतों में पानी भरा है, फसलें बर्बाद हो चुकी हैं और पटवारी की जांच रिपोर्ट में भी रिसाव की पुष्टि हो चुकी है, तो आखिर किस आधार पर इस खबर को झूठा बताया जा रहा है? क्या विभाग सच्चाई से मुंह मोड़कर अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहता है? यद्यपि कार्यपालन यंत्री ने एसडीओ तामिया व्ही.के. डेहरिया से इस संबंध में बात करने की सलाह दी गई थी। परंतु बात करने पर उनके द्वारा मीटिंग की बात कहकर फोन कट कर दिया।

### 9 बार शिकायत, फिर भी 'सिस्टम' मौन

पीड़ित किसान विनोद लाड़े ने इस समस्या को लेकर एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 9 बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। हर बार आश्वासन मिला, लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस बनी रही। नायब तहसीलदार द्वारा भी जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। हल्का पटवारी की रिपोर्ट में भी साफ तौर पर पाइपलाइन रिसाव और जलभराव की स्थिति की पुष्टि की गई है। इसके बावजूद विभाग का रवैया चुप्पी साधे रहने का है।

### एफिडेविट के बाद भी नहीं जागा विभाग

खबर के खंडन के बाद किसान ने हार नहीं मानी और अपने दावों को प्रमाणित करते हुए एफिडेविट तैयार कर जनसंपर्क कार्यालय और संबंधित अधिकारी को भेजा। इसके बावजूद एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो कोई जांच हुई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि विभाग समस्या सुलझाने के बजाय उसे दबाने में ज्यादा दिलचस्पी रखता है।


पीड़ित किसान विनोद लाड़े



### ठेकेदार पर मेहरबानी, किसान पर दबाव?

ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य एक निजी कंपनी के ठेकेदार द्वारा किया गया था, जो अब अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए किसान को ही धमकाने में लगा है। सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में ठेकेदार इतनी बेखौफी से काम कर रहे हैं?

### परिवार के भरण-पोषण का संकट

फसल बर्बाद होने के बाद किसान विनोद लाड़े की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। अगली फसल की तैयारी करना तो दूर, अब परिवार का भरण-पोषण भी मुश्किल हो गया है। सरकार जहां किसानों की आय दोगुनी करने के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है।

### अब न्यायालय ही अंतिम सहारा?

लगातार अनदेखी और विभागीय उदासीनता से परेशान किसान अब न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। अगर जल्द ही दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला बड़े जनआंदोलन का रूप भी ले सकता है।

## बढ़ती महंगाई पर सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया आक्रामक आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आम जनता पर बढ़ते महंगाई के बोझ, आवश्यक वस्तुओं की अपर्याप्त उपलब्धता और कालाबाजारी के खिलाफ छिन्दवाड़ा शहर कांग्रेस कमेटी ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रगट किया। जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर के महात्मा गांधी चौक पर आंदोलन का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने जनविरोधी भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। रसोई गैस, पेट्रोल व डीजल के बढ़े हुए मूल्य, अपर्याप्त उपलब्धता और कालाबाजारी के विरोध में कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण जमकर गरजे।



आंदोलन के उपरांत कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण ने बढ़ती महंगाई व जिले में व्याप्त अराजकता, दिन प्रतिदिन बिगड़ती सामाजिक व्यवस्था की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुए विनम्र आग्रह किया कि प्रस्तुत ज्ञापन में अधो लिखित बिंदुओं पर गौर कर जनहित में तत्काल निर्णय लेकर जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दिया जाए। ताकि समय रहते जनता को महंगाई, कालाबाजारी और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तु की उपलब्धता समय पर व निर्बाध्य रूप से होती रहे इस दिशा में अविलम्ब व ठोस कदम उठाए ताकि जनता को परेशानियों से राहत मिल सके।

### तामिया में कांग्रेस का प्रदर्शन

**तामिया।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व सांसद नकुलनाथ, जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे के निर्देश पर जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गएवं जुन्नारदेव विधायक के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामिया के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने तामिया में धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम का एक ज्ञापन तहसीलदार तामिया को सौंपा गया। आमजन से जुड़ी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की गई। देश में लगातार बढ़ती महंगाई ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है। रसोई गैस सिलेंडर के दामों में निरंतर वृद्धि एवं उनकी अपर्याप्त उपलब्धता के कारण मध्यम एवं निम्न वर्गीय परिवारों को परेशानी कासामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पेट्रोल एवं डीजल की कमी एवं मूल्यवृद्धि ने परिवहन, व्यापार और कृषि कार्यों को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे आमजन एवं किसान परेशान है।कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच मोदी सरकार की असफल विदेश नीति के कारण देश में ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता प्रभावित हुई है।

## चौरई में किसानों की हुंकार

### ऋण समयसीमा बढ़ाने से लेकर बिजली बिल माफी तक, कांग्रेस ने उठाए कई बड़े मुद्दे



**चौरई ।** ब्लॉक किसान कांग्रेस चौरई एवं ब्लॉक कांग्रेस कमिटी चौरई के संयुक्त तत्वावधान तथा क्षेत्रीय विधायक चौधरी सुजीत सिंह के नेतृत्व तथा किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी की विशेष उपस्थिति में किसानों की आर्थिक स्थिति, सहकारी समितियों के ऋण, कृषि व्यवस्थाओं एवं बढ़ती महंगाई के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस पादधिकारियो ने अपनी प्रमुख मांगों में बताया कि वर्तमान समय में किसान रबी फसलों की कटाई में व्यस्त हैं, ऐसे में सहकारी समितियों से लिए गए कृषि ऋण के भुगतान की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित किया जाना किसानों के लिए अत्यंत कठिन एवं अन्यायपूर्ण है। अतः ऋण भुगतान की समय-सीमा बढ़ाए जाने की मांग की गई।इसके साथ ही खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, गेहूं फसलों में बढ़ती आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण करने, नरवाई प्रबंधन के नाम पर हो रही सख्ती पर रोक लगाने, गेहूं खरीदी हेतु बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बिजली दरों में वृद्धि वापस लेने, बिजली बिल माफी, फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि, डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, फसल बीमा को स्वैच्छिक बनाने तथा मंडियों में किसानों के लिए उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई।

## बस के पिछले हिस्से से टकराया लगेज वाहन 4 घायल , बाल बाल बचे यात्री



**परासिया :** परासिया बीजी साइडिंग के समीप एक यात्री बस के पिछले हिस्से से लगेज वाहन टकरा गया । जिससे लगेज वाहन में सवार चार लोग घायल हुए । वहीं बस में बैठे यात्री बाल बाल बच्चे ।पिपरिया की महाकाल ट्रेवल्स की यात्री बस , यात्रियों को लेकर छिंदवाड़ा जा रही थी । बाईपास से होते हुए बीजी साइडिंग के रास्ते जब वह परासिया आ रही थी , तब रावनवाड़ा की ओर जा रहा एक लगेज वाहन (छोटा हाथी) क्रॉसिंग के दौरान बस के पिछले हिस्से से टकरा गया । टक्कर इतनी जोरदार थी , कि लगेज वाहन घूम कर परासिया की ओर मुड़ गया । प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया , कि टक्कर इतनी जोरदार थी , कि भीषण हादसा हो सकता था , पर गनीमत है , कि वह टल गया । इस घटना में लगेज वाहन चालक अनिकेत उर्फ अंकुर , वाहन में सवार सोमेश सुमन , विमल नवैत और हिमांशु जायसवाल घायल हुए । जिन्हें उपचार के लिए परासिया अस्पताल पहुंचाया गया ।

## भीमसेन मायावाड़ी स्थित पहाड़ी पर मिली अज्ञात लाश, फैली सनसनी

**परासिया :-** न्यूटन पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मारवाड़ी - भीमसेन क्षेत्र में स्थित पहाड़ पर एक अज्ञात लाश मिलने से सनसनी फैल गई । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है । लाश की पहचान नहीं हो पाई है । शव 8 - 10 दिन पुराना बताया जा रहा है ।सोमवार 11 - 12 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली , कि भीमसेन मायावाड़ी तक स्थित पहाड़ पर बने मंदिर से लगभग 200 मीटर से कुछ अधिक दूरी पर एक लाश क्षत - विक्षत अवस्था में



पड़ा है ।इसके बाद न्यूटन पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश सिंह बघेल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे तो पाया , कि मायावाड़ी क्षेत्र से लगी पहाड़ी के ऊपर एक लाश पड़ी है जिसके शरीर की हड्डियां दिखने लगी है । जिससे अंदाजा लगाया गया , कि लाश 8 से 10 दिन पुरानी है । सिर और चेहरे पर भी मांस नहीं होने के चलते लाश का चेहरा स्पष्ट नहीं दिख रहा है ।लाश के पास शराब भी पाई गई । पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लिया और शिनाख्ति के प्रयास शुरू कर दिए हैं । बताया जा रहा है , कि परासिया पुलिस अनुविभाग क्षेत्र में किसी भी थाने , चौकी में पिछले 10 दिनों के दौरान कोई गुमशुदगी दर्ज नहीं हुई है । जिससे अटकलें लगाई जा रही है , कि मृतक आसपास के क्षेत्र का नहीं है । उसकी मौत किन कारणों से हुई , इसका पता शव परिक्षण के बाद ही लग सकेगा ।



### प्रभु प्रणाम ग्रुप ने मनाया राष्ट्रीय पेंसिल एवं अंतर्राष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस

**छिंदवाड़ा।** प्रभु प्रणाम ग्रुप के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय पेंसिल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु प्रणाम ग्रुप के सदस्यों द्वारा नगर के आनंदम टाउनशिप के बगीचे में जीरो वेस्ट क्लेरेंस का अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर अभियंता कृपाशंकर यादव द्वारा जीरो वेस्ट क्लीयरेंस जागृति के बारे में विस्तार से जानकारी को नगर के विभिन्न स्थान पर प्रदान की एवं आमजन को जागृत किया। नगर पालिका से नरेश फरकसे के द्वारा राष्ट्रीय पेंसिल दिवस के महत्व को बताया। इन दोनों अभियानों में प्रभु प्रणाम ग्रुप के प्रमुख सहभागी में यातायात विभाग से अशोक शर्मा, अधिवक्ता देवीलाल विश्वकर्मा, शंकरराव मर्सकोले, काशीनाथ ठाकरे, मनीष बेन्डे, लोकनाथ बेन्डे और प्रमोद चुक, सुरेश घोरसे, सुनील चांद आदि की प्रमुख सहभागिता रही।

### कलेक्टर के आदेशों के बावजूद निर्माण कार्य में पेयजल का इस्तेमाल, प्रशासनिक अनदेखी पर उठे गंभीर सवाल


# तामिया में जल संकट के बीच लापरवाही

## सांदीपनी स्कूल परिसर में पेड़ों की कटाई, कुएं दफन और ट्यूबवेल का दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)

तामिया तहसील में जल संकट के बीच एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली और स्थानीय प्रबंधन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सांदीपनी स्कूल परिसर में जहां एक ओर हरे-भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर वन उपज देने वाले महुआ के पेड़ों को केमिकल डालकर सुखाने और पेयजल के प्रमुख स्त्रोत कुएं को दफनाने जैसे आरोप सामने आए हैं। इन घटनाओं के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होना चिंता का विषय बन गया है।

जानकारी के अनुसार, सांदीपनी स्कूल परिसर, जो एक शैक्षणिक और प्राकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, वहां बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय क्षति पहुंचाई जा रही है। स्थानीय लोगों का



आरोप है कि महुआ जैसे उपयोगी पेड़ों को जानबूझकर केमिकल डालकर सुखाया गया, ताकि उन्हें आसानी से हटाया जा सके। इतना ही नहीं, परिसर में स्थित एक पुराने कुएं को भी मिट्टी से भरकर समाप्त कर दिया गया, जो कभी पेयजल का महत्वपूर्ण स्त्रोत हुआ करता था।यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिले में लगातार गिरते भूजल स्तर को लेकर जिला कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपी है।

इस रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने पूरे जिले को जल अभाव क्षेत्र घोषित करते हुए कई सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें नलकूप खनन और नए कुएं खोदने पर पूर्ण प्रतिबंध, साथ ही जन उपयोगी पानी का निर्माण कार्यों में उपयोग न करने के आदेश शामिल हैं।इसके बावजूद तामिया तहसील में इन आदेशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। क्षेत्र में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिनमें प्रतिदिन लाखों लीटर पानी का उपयोग किया जा रहा है। आरोप है कि यह पानी सीधे पेयजल स्त्रोतों से लिया जा रहा है, जिससे भूजल स्तर और तेजी से नीचे जा रहा है।

सांदीपनी स्कूल परिसर में ही 100 सीटर गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण के लिए स्कूल परिसर में स्थित ट्यूबवेल से पानी लिया जा रहा है, जबकि पहले से ही इस ट्यूबवेल में जल स्तर कम होने की बात कही जा रही है। स्थिति और चिंताजनक तब हो जाती है जब यह सामने आता है कि ठेकेदार द्वारा इस पानी के उपयोग को छुपाने के लिए एक टैंकर को दिखावे के तौर पर खड़ा किया गया है। मौके के अनुसार ट्यूबवेल से पाइप के जरिए पानी टैंकर में भरा जाता है और फिर निर्माण कार्य में उपयोग किया जाता है।

### ग्रीष्मकाल में जलसंकट का करना पड़ सकता है सामना

हालांकि, यह स्पष्टीकरण कई सवालों को जन्म देता है। यदि पहले से ही जल स्तर कम है, तो फिर एक दिन भी पानी का उपयोग कैसे और क्यों किया गया? क्या यह केवल एक बार की घटना थी या फिर यह लगातार हो रहा है? और यदि निर्देश दिए गए हैं, तो उनकी निगरानी कैसे की जा रही है?विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस तरह पेयजल स्रोतों का दुरुपयोग जारी रहा, तो आने वाले ग्रीष्मकालीन सत्र में छात्रों और शिक्षकों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। स्कूल जैसे संस्थानों में पानी की कमी का सीधा असर शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर पड़ता है।

### निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, कलेक्टर द्वारा जारी आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जल संसाधनों का संरक्षण हो सके।यह घटना न केवल तामिया, बल्कि पूरे जिले के लिए एक चेतावनी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जल संकट और गहरा सकता है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या वास्तव में नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है या नहीं।



## हनुमान लोक में हो रहा है श्री राम कथा का आयोजन

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य बिखेर रहे हैं धर्म की अमृत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में हनुमान जयंती के उपलक्ष में 29 मार्च से लेकर 2 अप्रैल तक जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के द्वारा शाम 4 से 7 बजे तक श्रीरामकथा मैं भगवान की विभिन्न लीलाओं का बड़े ही सुंदर तरीके से वर्णन किया जा रहा, विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली, जिसे अब 'हनुमान लोक' के रूप में भव्य स्वरूप दिया जा रहा है, वहाँ इन दिनों अध्यात्म की अविरल धारा बह रही है।

प्रख्यात कथावाचक और पद्म विभूषित जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारबिंद से आयोजित 'श्रीराम कथा' को सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के दूसरे दिन सोमवार को जगद्गुरु जी ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए कई मर्मस्पर्शी उदाहरण प्रस्तुत किएमहाराज जी ने कहा कि राम केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता



और संस्कृति का आधार हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जिस प्रकार हनुमान जी ने अपना हृदय चीरकर राम के प्रति अपनी अटूट भक्ति दिखाई थी, उसी प्रकार आज के युवाओं को अपने हृदय में राष्ट्रभक्ति और धर्म के प्रति अडिग विश्वास जगाना होगा।उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि यदि हम वास्तव में राम भक्त हैं, तो हमें समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाना होगा, तभी 'राम राज्य' की संकल्पना साकार होगी।हनुमान लोक में सुरक्षा और व्यवस्था चाक-चौबंदकथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ट्रस्टी संदीप मोहड़, टीकाराम कारोकार,एड अजय धवले, आदि के द्वारा श्री राम कथा के साथ ही 31 अप्रैल को शाम 7:30 बजे रसराज जी महाराज के द्वारा आयोजित सुंदर कांड पाठ और 1 अप्रैल रात्रि 8:30 बजे राम आएंगे भजन की सुप्रसिद्ध गायिका स्वस्ती मेहुल आदि कार्यक्रमों का लाभ लेने की अपील की है

## जियो और जीने दो' के जयघोष से गूंजा शहर, भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

सौंसर। हिंसा परमो धर्मश् और श्जियो और जीने दोश् के पावन संदेश के साथ सोमवार को सौंसर नगर में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरा जैन समाज भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।नगर के सिविल लाइन स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। विमान रथ पर सवार भगवान महावीर की प्रतिमा के आगे श्रद्धालु भक्तिमय भजनों पर झूमते रहे।यात्रा सिविल लाइन से नगर भ्रमण कर समापन मंदिर में हुआ।मंदिर में अभिषेक पालना महोत्सव शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के पश्चात भगवान का अभिषेक, शांतिधारा विशेष पूजन-अर्चन ओर महिलाओं ने पालना झुलाकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया। जैन मंदिर अध्यक्ष यू.सी. जैन ने बताया कि इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने पांढुरना जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने समाज की भावना को देखते हुए 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च (सोमवार) को शासकीय अवकाश घोषित किया। आयोजन में सकल दिगंबर जैन समाज पुरुष, महिलाएं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



## चौरई नगर धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

चौरई। चौरई नगर में सोमवार सुबह भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शोभायात्रा की शुरुआत छोटी बाजार दिगंबर जैन मंदिर से हुई। यहां सर्वप्रथम भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन किया गया उसके तत्पश्चात नगर के जैन कीर्ति स्तंभ होते हुए लक्ष्मी मॉल छिंदवाड़ा मार्ग से होते हुए पारसनाथ जैन मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरानपंडित आकाश शास्त्री ने बताया है कि महावीर जयंती के शुभ अवसर पर दुनिया में अहिंसा का जियो और जीने दो का पाठ सिखाने वाले भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव हम सभी ने चौरई नगर में बड़ी ही धूम धाम से मनाया सबसे पहले मंदिर जी में भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा हुई उसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई।



# जियो और जीने दो के जयघोष के साथ निकली भव्य प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

सत्य और अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक (जयंती) के अवसर पर सोमवार 30 मार्च को स्थानीय जैन मंदिर, जुन्नारदेव में भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रात 7:00 बजे से ही जैन समाज के श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किए।



स्थानीय जैन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भगवान के अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके पश्चात मंदिर परिसर से भव्य प्रभात फेरी (शोभायात्रा) निकाली गई। केसरिया ध्वज और भगवान महावीर के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। यह शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों माल गोदाम रोड एवं स्टेशन रोडराम मंदिर मार्ग होते हुए सिनेमा रोडपुरानी बस्ती मार्ग और पंजाबी मोहल्ला, रामलीला मंच से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुँची, जहाँ इसका विधि-विधान से समापन हुआ।

यात्रा के दौरान श्वेत वस्त्र धारण किए पुरुष और मंगल गीत गाती महिलाएं भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। ब्रह्म समाज एवं साहू समाज जुन्नारदेव द्वारा रैली का भव्य स्वागत किया गया इसके अतिरिक्त मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की आरती उतारी गई और अहिंसा के संदेशों का प्रचार किया गया। समापन के अवसर पर मंदिर में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के दिलीप (छोटू) जैन, तरुण जैन, नवजीत (मोनू), जैन डॉ दिनेश जैन, दीपेश जैन, संजय जैन, राकेश जैन, सुंदरलाल जैन, पदम जैन, गामा जैन, जितेंद्र जैन, संजय बेलसरे, अनिमेष जैन, डॉ अमित जैन, अभिषेक जैन, अशोक जैन, अंकुश जैन मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न, 11 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम की बनी रूपरेखा



जुन्नारदेव -: म.प्र.जन अभियान परिषद के अध्ययन रत छात्र-छात्राओं ने सामाजिक समरसता पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता आपसी सौहार्द कौमी एकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रवि कुमार आम्रवंशी, द्वितीय पुरस्कार इशरत मंसूरी, तृतीय पुरस्कार सोनाली विश्वकर्मा ने प्राप्त किया जिन्हें मुख्य अतिथि अधिवक्ता तबस्सुम निशा ने प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष संजय बामने ब्लॉक समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने सामाजिक समरसता पर अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर मदरसा संचालक मोहम्मद ताहिर ने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सरजू विश्वकर्मा ने किया।

# महंगाई, अवैध कार्य के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सरकार की जनविरोधी नीतियों और आसमान छूती महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौंसर ने हुंकार भरी। गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी, बिजली दरों में वृद्धि और क्षेत्र में पनप रहे अवैध कारोबार के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया। विधायक विजय चौरे एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि और राज्य सरकार द्वारा बिजली बिलों में की गई बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की अपर्याप्त उपलब्धता ने आमजन की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस ने ज्ञापन में सौंसर क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर भी गंभीर



सवाल उठाए। पार्टी का आरोप है कि गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जुआ जैसे अवैध धंधों ने ग्रामीण परिवेश और युवाओं के भविष्य को बिगाड़ दिया है। इन अनधिकृत गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाकर शांति व्यवस्था कायम की जाए। ब्लॉक कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यदि बढ़ी हुई कीमतों को वापस नहीं लिया गया अवैध गतिविधियों पर लगाम नहीं कसी गई, तो कांग्रेस जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर विधायकः विजय चौरे, पूर्व नपा अध्यक्षः लक्ष्मण चाके,कांग्रेस नेता विलास जोगी, पीपला नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी, बृजकिशोर चांडक,चंद्रशेखर गुर्वे, राजीव चौधरी, विठ्ठल गायकवाड, एड. रामशिला सूर्यवंशी,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे, प्रदीप विरखरे, सुनील तिवारी, विलास बुले, रत्नाकर गायकवाड़, अमरीश जैसवाल, ज्ञानेश्वर गावंडे आदि कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

## एसडीओ और उपयंत्री की अनुपस्थिति से जल जीवन मिशन बेपटरी, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

# प्यासे गांव, गायब जिम्मेदार: लांजी में पीएचई विभाग की लापरवाही से फूटा जनाक्रोश

हरिभूमि न्यूज लांजी।







बालाघाट जिले की लांजी तहसील में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। विभाग के जिम्मेदार एसडीओ और उपयंत्री की लगातार गैरमौजूदगी के चलते जल जीवन मिशन सहित ग्रामीण पेयजल योजनाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। हालात यह हैं कि भीषण गर्मी की शुरुआत होते ही दर्जनों गांवों में पानी के लिए हाहाकार मच गया है और लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के एसडीओ और उपयंत्री पिंकेश मोहारे अपने कार्यालय में शायद ही कभी मिलते हों। ना ही सहायक यंत्री रविन्द्र हट्टेवार द्वारा फोन उठाया जाता है। बार-बार शिकायतों के बावजूद अधिकारी न तो फील्ड का दौरा करते हैं और न ही जल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हैं। परिणामस्वरूप नल-जल योजनाओं का संचालन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोग कई-कई किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर जल' योजना लांजी में दम तोड़ती नजर आ रही है। लांजी क्षेत्र के ग्राम चिखली, चिचोली, बहेला, बापड़ी, दुल्हापुर, बिसोनी दखनीटोला और पोसेरा सहित दर्जनो गांवों में नल-जल योजना महज कागजों तक सीमित रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन बिछी जरूर है, लेकिन नलों में पानी नहीं आता तो कहीं पानी की टंकी शोभा की सुपारी बनी हुई है। पानी की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में यह योजना सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है।

ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जहां पानी टंकी निर्माण कार्य चल रहा है, वहां अधिकारी केवल औपचारिकता निभाने के लिए कभी-कभार पहुंचते हैं। कमीशनखोरी के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। जब भी यहां के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है, वे खुद को जिला मुख्यालय में व्यस्त बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं और उच्चाधिकारियों पर ठीकरा फोड़ देते हैं। लांजी क्षेत्र में बढ़ते जल संकट ने अब जनाक्रोश का रूप ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई और जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल, प्यास से जूझ रहे गांव प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा ग्रामीणो को जल मुहैया करवाने के लिए लगतार प्रयास किये जाते है, जहां पानी टंकी का निर्माण रूका हुआ है वहां के ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है, शीघ्र ही दूसरे ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य पूरा करवाया जायेगा।

**पिंकेश मोहारे,**
**उपयंत्रीपीएचई विभाग लांजी**

## म्यूल अकाउंट से अवैध आर्थिक गतिविधियां के संचालन पर हुआ था विवाद

# श्रीराम सेना के पदाधिकारियों ने घर में घूसकर की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** श्रीराम सेना संगठन के नगर अध्यक्ष विकास सूर्यवंशी, नगर मंत्री सागर पंजवानी, विशाल सूर्यवंशी और संतोष खटवानी के खिलाफ कटंगी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। नगर के सिवनी रोड़ निवासी आयुष नेवारे (श्रीराम सेना संगठन के पूर्व पदाधिकारी) की शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबद्ध किया है। अपराध दर्ज होने के बाद से चारों के फरार होने की जानकारी सामने आई है। दरअसल, यह पूरा मामला म्यूल अकाउंट और उससे होने वाली अवैध आर्थिक गतिविधियों के होने से जुड़ा हुआ है। आयुष नेवारे का आरोप है कि विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने संगठन के करीब दर्जन भर से अधिक युवाओं के एचडीएफसी बैंक में म्यूल अकाउंट खुलवाकर अवैध आर्थिक गतिविधियां संचालित की है। आयुष के मुताबिक उसके भी नाम से एक खाता खुलवाया गया था और बिना उसकी जानकारी के उसका संचालन किया जा रहा था। जब उसे इस बात का पता चला तो उसने इसका पूरजोर तरीके से विरोध किया और खाते से जुड़ी बैंक पासबुक, एटीएम, नेट बैंकिग की आईडी और पासवर्ड की मांग की लेकिन उसे कुछ भी नहीं दिया गया। ऐसे में आयुष ने बैंक जाकर उसके नाम से संचालित हो रहे खाते को आवेदन देकर बंद करवा दिया। इसी बात से गुस्साएं संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार की देर रात साढ़े 11 बजे के बाद आयुष को योजनाबृद्ध तरीके से पहले घर के बाहर बुलाया और मारपीट जब आयुष जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर घर के भीतर गया तो घर में घूसकर भी मारपीट की। इस पूरी घटना के दौरान बीच बचाव के लिए आई आयुष की मां और भाई के साथ भी धक्का मुक्की और मारपीट की गई। करीब 01 घंटे तक यहां हाई-वोल्डेज ड्रामा चलते रहा। पीड़ति ने रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि डेढ़ बजे थाना पहुंचकर एफआईआर



दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296 (ए), 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है।

**यह है पूरा मामलाः** आयुष नेवारे ने बताया कि वर्ष 2024 में विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने उन्हें यह बताया था अखाड़े के निर्माण के लिए बाहर से बड़ी रकम आने वाली है। यह रकम किसी एक व्यक्ति के खाते में नहीं आ सकती इसलिए संगठन के सदस्यों के अलग-अलग खाते खुलवाने होगें। अखाड़े के लिए राशि आने की बात पर संगठन से जुड़े करीब दर्जन भर से अधिक युवकों के सागर पंजवानी ने एचडीएफसी बैंक में खाते खुलवाएं। खाते खुलने के बाद सागर ही अपने पास बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और नेट बैंकिग रख लेता था। यहां तक की खातों में दर्ज मोबाइल नंबर भी सागर के पास ही होते थे। आयुष ने बताया कि एक दिन जब उन्होंने अपना मेल की जांच की तब उन्हें पता चला कि उनके नाम से खोले गए अकाउंट से बड़ी मात्रा में पैसों का लेन-देन हो रहा है तब उन्होंने सागर और विकास से बैंक की पासबुक, एटीएम और नेट बैंकिंग आईडी पासवर्ड मांगा जो आयुष को नहीं दिया गया तो आयुष ने खाता बंद करवा और श्रीराम सेना संगठन से दूरी बना ली। इसी बात से विकास और सागर आयुष से नाखुश थे और उन्होंने रविवाद की रात योजनाबद्ध तरीके से आयुष के साथ मारपीट की।

**पुलिस की कार्रवाई पर संदेहः** इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे है। दरअसल, आयुष के साथ होने वाली मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें देखा जा रहा है कि चार से अधिक युवा मिलकर घटना को अंजाम देने के लिए मौजूद है और सभी अश्लील गाली-गलौज कर रहे है किंतु पुलिस ने केवल 4 लोगों पर ही अपराध पंजीबद्ध किया। आयुष ने बताया कि जिनके खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया उनके अलावा ओम प्रकाश नेवारे, योगेश राहंगडाले, कृष्णा हांडे, गणेश बर्वे ने भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने इनके नाम एफआईआर में नहीं लिखे और ना ही नामजद आरोपियों के अलावा किसी अन्य आरोपियों के शामिल होने का जिक्र किया। जिससे पीड़ति को पुलिस की कार्रवाई पर भी संदेह है और वह पूरे मामले की पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने की तैयारी में है।

**बहन के खाते में भी जमा करवाया पैसाः** आयुष नेवारे के नाम से खोले गए खाते से सागर पंजवानी ने कई लोगों के खाते में पैसा ट्रांसफर किया है उसमें एक नाम सागर की बहन जो सीए है उसका भी शामिल है। आयुष के खाते में कई ऐसे स्त्रोत से नगदी रकम जमा हुई जिसका आयुष को भी बता नहीं है। जब हमने आयुष के मेल खंगाले तो कई लोगों के नाम सामने आए और ऐसी रकम के आंकड़े भी आए जो बेहद चौकानें वाले है। यह मारपीट की यह घटना एक बड़ी अवैध आर्थिक गतिविधि से जुड़ी हुई है। पुलिस अगर इस मामले में ईओडब्ल्यू का सहयोग लेकर जांच करती है तो एक बड़े नेटवर्क का खुलासा होने का अनुमान है जिसमें ब्लैक मनी को म्यूल अकाउंट के जरिए व्हाइट किया जा रहा है।

### इनका कहना है-

मारपीट की घटना की पीड़ति ने रिर्पोट दर्ज करवाई है आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना की जा रही है।

**धमेन्द्र कुसराम**
**थाना प्रभारी कटंगी**

# शैक्षणिक भ्रमण बना ज्ञान, संस्कृति और रोमांच का अद्भुत संगम

## निर्माण इंस्टीट्यूट लांजी के 70 विद्यार्थियों ने पुरी-भुवनेश्वर में इतिहास, आस्था और प्रकृति का किया जीवंत अनुभव

हरिभूमि न्यूज लांजी।



निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी, लांजी के छात्र-छात्राएं लगातार दूसरे वर्ष 5 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर पुरी-भुवनेश्वर (ओडिशा) के लिए उत्साहपूर्वक रवाना हुए। संस्थान परिसर से प्रस्थान के समय सुबह से ही उल्लास और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस दल में 70 विद्यार्थियों के साथ डायरेक्टर प्रणय कुमार एवं शिक्षकीय स्टाफ के कई सदस्य शामिल रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए यात्रा को यादगार बनाया।

प्रस्थान समारोह में डायरेक्टर प्रणय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण केवल यात्रा नहीं, बल्कि जीवन का अनुभव है। यह विद्यार्थियों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया को समझने और भारतीय संस्कृति से जुडने का अवसर देता है। उनके प्रेरक शब्दों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

भ्रमण का पहला प्रमुख पड़ाव पुरी रहा, जहां विद्यार्थियों ने समुद्र तट पर स्थित गोल्डन बीच की मनोहारी सुंदरता का आनंद लिया। इसके बाद श्री जगन्नाथ मंदिर के दर्शन कर 'महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर की परंपराएं, विशाल रसोई व्यवस्था और प्रसाद की विशेषता ने विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया। इस अनुभव ने भारतीय धार्मिक आस्था के प्रति नई समझ विकसित की।

यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने कोणार्क सूर्य मंदिर का भ्रमण किया, जहां गाइड के माध्यम से प्राचीन स्थापत्य कला की बारीकियों को समझा। इसके बाद धौलीगिरि पहुंचे, जो कलिंग युद्ध का ऐतिहासिक स्थल रहा है। यहां सम्राट अशोक के शिलालेख और शांति स्तूप ने विद्यार्थियों को इतिहास और मानवता के संदेश से अवगत कराया।

भुवनेश्वर पहुंचकर विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध लिंगराज मंदिर के दर्शन किए, जो कलिंग वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। मंदिर की भव्यता और आध्यात्मिक वातावरण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उदयगिरि और खंडगिरि गुफाओं में जैन धर्म और प्राचीन जीवनशैली की जानकारी प्राप्त की।भ्रमण का एक आकर्षक हिस्सा नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क रहा, जहां विद्यार्थियों ने सफेद बाघ, शेर, जिराफ सहित कई दुर्लभ जीवों को उनके प्राकृतिक परिवेश में देखा। सफारी का अनुभव विद्यार्थियों के लिए बेहद रोमांचकारी रहा। यहां जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को भी समझा गया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, पति-पत्नी घायल

**कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापठोर से कोयलारी के बीच अज्ञात चारपहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी है। सड़क हादसे के बाद चारपहिया वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी घायल हुए है। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी अनुसार सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सीतापठोर से कोयलारी के बीच अज्ञात चारपहिया वाहन ने उमरी निवासी 29 वर्षीय राहुल गढ़पाल की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। बाइक में उनकी धर्मपत्नी रंजिता गढ़पाल उम्र 25 वर्ष भी सवार थी। राहुल अपनी धर्मपत्नी को लेकर ग्राम कोयलारी अपने ससुराल जा रहे थे। दोनों को शरीर के अलग-अलग हिस्सों में बाहरी और अंदरूनी चोट आई है। फिलहाल जिस चारपहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मारी है उसका पता नहीं चल पाया है।

## खबर संक्षेप

### माता काली दरबार जामुन टोला में, आज होगा कलश विर्सजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट। चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि 23 मार्च 2026 को माता काली दरबार जामुनटोला में विधिविधान से 301 मनोकामना कलश स्थापना किया गया। देवी भक्त सुबह शाम पूजन अर्चन कर माता काली की आराधना कर रहे है, सोमवार को अष्टमी पूजन करने माता काली के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी माता काली को खीर, पूड़ी, मेवा मिष्ठान का भोग लगाया गया। आज मंगलवार को धूमधाम से कलश ज्वारे शोभायात्रा निकाली जाएगी बाबाजी महेश नागेश्वर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार माता काली के दरबार जामुनटोला में चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि को मनोकामना कलश स्थापना की जाती है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के अनेकों जिलों से देवी भक्त बड़ी संख्या पर अपनी मनोकामना कलश प्रज्वलित कर पूजा आराधना करते है। 31 मार्च मंगलवार दोपहर 2 बजे धूमधाम से ज्वारे कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, ढोल बाजे गाजे के साथ काली जी झांकी, रथ, भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा विसर्जन स्थल पहुंचेगी जहां आरती पूजन के पश्चात कलश ज्वारे विसर्जित किया जाएगा, इसके पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा।




### आस्था और श्रद्धा के संग रवाना हुई तीर्थ यात्रा, विधायक दिनेश राय ने दिखाई हरी झंडी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज सिवनी से वाराणसी-अयोध्या तीर्थ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन भावपूर्ण माहौल में रवाना हुई। पूरे वातावरण में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का विशेष भाव देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक श्री राय ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा उनके जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-शांति लेकर आएगी।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सिवनी श्रीमती किरण भलावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धालुओं को शुभ यात्रा की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय तीर्थ अनुभव की प्रार्थना की।उल्लेखनीय है कि इस यात्रा के तहत सिवनी जिले से कुल 279 श्रद्धालु वाराणसी एवं अयोध्या के पवित्र धामों के दर्शन करेंगे, जिनके लिए शासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### स्थानीय कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिशु/उ.मा विद्यालय भैरोगंज सिवनी की स्थानीय कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा हर्षोल्लास, प्रसन्नता के वातावरण में की गई। परीक्षाफल उद्घोषणा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी विधायक दिनेश राय "मुनमुन" उपस्थित रहे। परीक्षाफल की उद्घोषणा मंचासीन अतिथियों द्वारा हर्ष ध्वनि के बीच की गई। स्थानीय कक्षाओं का परीक्षाफल लगभग 94 प्रतिशत रहा। परीक्षाफल उद्घोषणा के उपरांत विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों का पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मान किया गया। इसके साथ-साथ विभिन्न विधाओं में विशेष एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहिनों को भी पुरूस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र एवं छात्रा के रूप में कक्षा षष्ठ की बहिन प्रज्ञांशी दुबे एवं कक्षा पंचम के भैया संस्कार मिश्रा को विशेष पुरूस्कार प्रदान किया गया।

# बरगी बांध के मछुआरों का दूसरे बांधों में पलायन



बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा और भुवन बर्मन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि बरगी जलाशय में मत्स्य उत्पादन की भारी गिरावट के कारण घंसौर विकास खंड बीजासेन, कुदवारी, चमरवाह,गाडाघाट, बसुरिया आदि गांवों के सैकड़ों मछुआरे रोजगार के लिए पलायन कर गए हैं। मछुआरा काम की तलाश में नवरात्र के बाद दो पिकअप गाड़ी से बाणसागर जलाशय शहडोल, माचागोरा जलाशय छिंदवाड़ा और भीमगढ़ जलाशय सिवनी निकल गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बरगी जलाशय के 16 हजार हेक्टेयर में मत्स्याखेट कार्य किया जाता है।इस जलाशय में सिवनी, मंडला और जबलपुर जिले के 54 प्राथमिक मछुआरा सहकारी समिति मत्स्याखेट कार्य करती है जिसमें सिवनी जिले के 18 मछुआरा सहकारी समिति शामिल है।मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य महासंघ द्वारा 7 बडे और 19 मझौले मिलाकर कुल 26 जलाशयों का नियंत्रण किया जाता है। जिसका कुल क्षेत्रफल 2.29 लाख हेक्टेयर है। 90 के दशक में तत्कालीन सरकार ने राज्य मत्स्य विकास निगम को समाप्त कर राज्य मत्स्य महासंघ के माध्यम से कार्य का संचालन शुरू किया था। जिसका उद्देश्य था कि जलाशय और मछुआरा विकास के लिए स्थानीय सक्रिय मछुआरा प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए समस्त गतिविधियां उनके अनुसार संचालित की जाए। विगत कुछ वर्षों से जलाशय में मत्स्य उत्पादन में लगातार गिरावट आ रही है। जिसके कारण मछुआरा रोजगार के लिए बाहर पलायन को बाध्य है।इस हेतु सरकार से वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाने की लिखित मांग मछुआरों द्वारा किया जा रहा है। परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हो रहा है। ज्ञात हो कि नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध से 162 गांव विस्थापित एवं प्रभावित हुआ है। जिसमें मछुआरा समाज की अच्छी संख्या है। जिनकी आजिविका इसी जलाशय पर निर्भर है। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ ने सरकार से मांग किया है कि जलाशय में घटते मत्स्य उत्पादन को बढ़ाने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाए। राज्य मत्स्य महासंघ केवल जलाशय का ठेका कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाता है।उसे जलाशय विकास और मछुआरा विकास के प्रति जवाबदेह और जलाशयों में सही मात्रा और पारदर्शी बीज संचय व्यवस्था बनाया जाए।

# पेयजल संकट पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम

## ग्राम चंडी, भारियाटोला एवं अंजनिया के ग्रामीणों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

छपारा जनपद पंचायत के अंतर्गत वाली ग्राम पचायत अंजनिया के ग्राम चंडी गांव, भारिया टोला और अंजनिया के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर रविवार को उग्र विरोध प्रदर्शन करते हुए छपारा-भीमगढ़-केवलारी मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।



इस दौरान मार्ग पर कई घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले लगभग 50 वर्षों से स्वच्छ पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से शिकायत करने तथा चुनाव बहिष्कार जैसे कदम उठाने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिला, समाधान नहीं।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के हैंडपंपों से फ्लोराइड युक्त पानी निकल रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मजबूरी में इसी पानी का उपयोग करने से लोगों में विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने शुद्ध पेयजल की स्थायी व्यवस्था की मांग की है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा शुरू की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण ठोस और लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े हुए थे। प्रशासन द्वारा स्थिति को सामान्य करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन जब तक कोई ठोस निर्णय नहीं

## सारांश लाहोरिया की शानदार सफलता, 95.42 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के प्रतिष्ठित अरुणाचल पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत होनहार छात्र सारांश लाहोरिया ने कक्षा दूसरी की वार्षिक परीक्षा में 95.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। सारांश बचपन से ही मेधावी रहे हैं और पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। अपनी प्रतिभा के बल पर वे कई बार पुरस्कृत भी हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सारांश, पत्रकार संदीप लाहोरिया के पुत्र हैं, जो प्रेस क्लब ऑफ सिवनी के जॉइंट सेक्रेटरी भी हैं। सारांश की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते

# हिसंक बाघ की तलाश मे सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वन विकास निगम बेहरई के द्वारा लगातार तपती धूप मे बाघ की तलाश की जा रही है क्योकि लगातार बाघ के हमले से क्षेत्र मे भय का वातावरण बना हुआ है आदिवासी युवक के शिकार के बाद दूसरे दिन बाघ ने शैला तथा घुरवाडा ग्राम मे भी दस्तक दी थी जिसे लोगो ने देखते हल्ला बोलते हुए बाघ को भगाने का भी प्रयास किया है और कोई दूसरी घटना घटित न इस बात को ध्यान मे रखते हुऐ वन विकास निगम के द्वारा लगातार जंगल मे घूमकर बाघ की तलाश की जा रही है और भारी तादाद मे वन विभाग का अमला लगातार दो दिनो से बाघ की आवक वाले स्थानो पर तैनाती बनाये हुऐ है जिसमे जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का सहयोग भी वन विभाग को मिल रहा है।



फाईल फोटो

### लगाये जा रहे कैमरे

वन विभाग के द्वारा जंगल के अधिकांश हिस्सो मे कैमरे स्थापित किये जा रहे है ताकि बाघ की उपस्थिति वाले क्षेत्र को कैमरे मे कैद किया जा सके और आज दिन भर तपती गर्मी मे वन विभाग द्वारा जंगल मे घूमकर बाघ की तलाश के साथ ही कैमरे स्थापित किये गये है।

### बकरे को बनाया शिकार

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर बाघ के द्वारा आदिवासी युवक का शिकार किया गया था उसी स्थान पर वन विभाग के द्वारा बाघ की तलाश के लिये बकरा रखा गया था जिसे बाघ ने शिकार बनाकर यह संकेत जरूर दे दिया है की बाघ की उपस्थिति उसी छेत्र के जंगल मे बनी हुई है और इसी तलाश मे वन विभाग के द्वारा लगातार जंगल की ओर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि हिसंक बाघ को तलाश कर कैद किया जा सके।यहा यह बताना भी लाजिमी है की गोडेगावं शैला घुरवाडा डोरली मऊ उमरवाडा आदि दर्जनों ग्राम जंगल से लगे हुऐ है तथा वर्तमान मे महूआ बीनने के लिये गरीब तब का जंगल मे लगे महूआ के पेडो के नीचे रुख कर रहा है और लगातार बाघ के हमले होते चले आ रहे है बाघ की तलाश के साथ ही ग्रामीण लोगो

# लोक निर्माण विभाग की गहरी नींद बन रही है दुर्घटना का कारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासन ने रोडो के निर्माण और रिपेयर के लिये अलग अलग विभाग बनाया हुआ है । लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना लोगो आज ये समझ मे नही आता है कि ये रोड का माईवाप कोन है। केवलारी से उगली मार्ग की लम्बाई 22 किलोमीटर है यह रोड बेसे तो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)के अधीन है। जिसका सब डिवीजन केवलारी मे है ,लेकिन विभाग मे आर जी चौबे नाम के प्रभारी है जिन्हे ना तो विभागीय दायित्वों का परवाह ना ही रोडो की स्थिति की जानकारी है। उगली मार्ग पर किलोमीटर 11 मे कुम्हणा रोड से बंजारी माता मंदिर के मध्य सफेद पानी का नाला मे बनी पुलिया मे स्पोटिंग दिबाल ना होने से आये दिन मोटर साइकिल सवार टर्निंग होने के साथ साइड बाल के अभाव मे सीधे नीचे गिर रहे है। 25 मार्च को भी बालाघाट की बुलेरो नीचे गिरते गिरते बची यदि यह वाहन नीचे जाता तो निश्चित ही बड़ी दुर्घटना घटित होती । क्षेत्रीय वन कर्मचारीयों का कहना है यह पुलिया ब्लेक स्पाट बन गया है, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान ना देकर बड़ी दुर्घटना घटित होने का इंतजार कर रहे है।

## वनों की सुरक्षा को प्राथमिकता: लखनादौन में वरिष्ठ अधिकारियों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वनों की सुरक्षा एवं हरित क्षेत्र के विस्तार को लेकर आज लखनादौन वन परिक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औपचारिक शासकीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान एपी सीसी एफ मोहन लाल मीणा, वन मंडल अधिकारी महेंद्र उइके, संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह एवं वन परीक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा ने क्षेत्र का भ्रमण कर वन प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हल्दू प्रजाति के वृक्षारोपण कार्य को देखा और उसकी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित अमले को निर्देशित किया कि पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखरेख पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। इसके पश्चात अधिकारियों ने नगर वन की प्रगति का अवलोकन किया। नगर वन में किए जा रहे विकास कार्यों एवं हरियाली बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ऐसे हरित स्थल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने वन अमले को निर्देश दिए कि अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं आग जैसी घटनाओं पर सख्ती से नियंत्रण रखा जाए और जनभागीदारी के माध्यम से वनों की रक्षा को जन आंदोलन का रूप दिया जाए। निरीक्षण के दौरान वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं

### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर आयोजित

## 52 हजार से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में किया गया। कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, जनपद अध्यक्ष सिवनी श्रीमती किरण भलावी, जनपद अध्यक्ष कुरई श्री लोचन सिंह मर्सकोले, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री दिनेश राय ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी पात्र हितग्राहियों तक उनकी पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ सरलता से पहुंचे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान ऐसे हितग्राहियों का सर्वे कर चिन्हांकन किया गया, जो किसी कारणवश योजनाओं से वंचित रह गए थे, और उन्हें लाभान्वित किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लें तथा अन्य पात्र लोगों को भी प्रेरित करें।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि शासन-प्रशासन का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडऩा है। इसके लिए समय-समय पर विशेष अभियान संचालित किए जाते हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि संकल्प से समाधान अभियान जनवरी से मार्च तक संचालित हुआ, जिसमें ग्राम स्तर पर हितग्राहियों का चिन्हांकन, क्लस्टर एवं विकासखंड स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया, और इसी क्रम में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने एमपी ई-सेवा पोर्टल के उपयोग पर विशेष जोर देते हुए बताया कि यह पोर्टल आम नागरिकों के लिए अत्यंत सुविधाजनक है। समग्र आईडी दर्ज करने पर व्यक्ति को सभी पात्र योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन की सुविधा मिलती है। उन्होंने नागरिकों से अपने दस्तावेज—समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नंबर—अपडेट और लिंक रखने की अपील की, ताकि योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी न हो। उल्लेखनीय है कि यह अभियान 12 जनवरी से चार चरणों में संचालित किया गया। प्रथम चरण में ग्राम स्तर पर हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए, द्वितीय चरण में क्लस्टर स्तर पर 88 शिविरों के माध्यम से आवेदनों का निराकरण किया गया।

## पुष्प-फल-सब्जी महोत्सव का भव्य शुभारंभ, किसानों को उद्यानिकी व प्रसंस्करण अपनाने की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सिवनी द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय पुष्प-फल-सब्जी महोत्सव एवं सेमिनार का भव्य शुभारंभ कम्पनी गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री ढालसिंह बिसेन मुख्य अतिथि तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं।

सेमिनार में उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सहायक संचालक उद्यान डॉ. आशा उपवंशी-वासेवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिले में उद्यानिकी फसलों एवं पीएमएफएमई योजना की संभावनाओं से अवगत कराया।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. निखिल सिंह ने आम, अमरूद, सीताफल एवं नींबू वर्गीय फसलों के उत्पादन एवं रखरखाव की तकनीकों पर जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी श्रीमती आस्मा अल्ताफ अंसारी ने पीएमएफएमई योजना के लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया समझाई। वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्रीमती प्रीति राहंगडाले ने फल पौधरोपण योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को बागवानी के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने किसानों को उद्यानिकी फसलों के विस्तार के साथ इमली, बेर एवं चिरौंजी जैसी पारंपरिक फसलों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को उत्पादन के साथ खाद्य प्रसंस्करण की दिशा में आगे बढक़र पीएमएफएमई योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि ढालसिंह बिसेन ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों को ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाने एवं फल बगीचे विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्थानीय जलवायु के अनुरूप काजू एवं नारियल की खेती पर भी जोर दिया। महोत्सव में फल, फूल, सब्जी एवं पीएमएफएमई उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों एवं किसानों ने अवलोकन कर सराहना की। कार्यक्रम में लगभग 150 कृषकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन पर जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले में आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन एवं हानि न्यूनीकरण विषय पर जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला में होमगार्ड विभाग द्वारा प्रतिभागियों को आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य, त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार, जोखिम न्यूनीकरण तथा संसाधनों के समुचित उपयोग के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान जिला अस्पताल, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स सहित शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करते हुए आपदा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## भक्ति,आस्था और उल्लास का केन्द्र बना रुद्रावतार हनुमान मंदिर

# रुद्रावतार हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को जिला अस्पताल के सामने सर्किट हाउस चौक सिवनी स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में भव्य और दिव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।कार्यक्रम की शुरुआत 2 अप्रैल प्रातः 6 बजे से होगी, जिसमें सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का विद्वान पुरोहितों एवं मन्दिर के पुजारी अर्जुन पण्डा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत अभिषेक पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात हनुमान जी महाराज का आकर्षक चोला श्रृंगार कर भव्य आरती संपन्न की जाएगी।दोपहर 1 बजे से हवन का आयोजन प्रारंभ होगा, जो लगभग 3 से 4 बजे तक चलेगा। हवन के दौरान विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान किए जाएंगे, जिसके पश्चात हनुमान जी महाराज



की 108 दीपो से महाआरती की जाएगी।

इस महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। शाम 5 बजे मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा गाजे-बाजे के साथ बालरूप हनुमान मंदिर, शुक्रवारी चौक सिवनी पहुंचकर महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। यह आयोजन पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रहेगा और भक्तिभाव से सजी यह प्रस्तुति श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करेगी।इसके बाद शाम 6 बजे से कन्या भोजन का आयोजन किया जाएगा। कन्या पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें हजारों लोगों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

मंदिर समिति द्वारा भंडारे के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा,

### पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायालय ने दिया रिमांड पर

# कूटरचित दस्तावेजों से बहन के साथ भाई-भाभी ने की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

अपनी बहन के साथ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 3 पशीने भवन के पीछे रहने वाले बिसेन दंपत्ति को वारासिवनी पुलिस ने जॉच उपरांत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहॉ से दंपत्ति को न्यायालय ने पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दे दिया है।

## कूटरचित दस्तावेजों से मकान को करवाया अपने नाम से

पुलिस थाने से मिली जानकारी अनुसार नगर के वार्ड न 03 में निवास करने वाले संजीव बिसेन की बहन सुनीता बिसेन पति दीपक तिवारी इंदौर में रहती है। श्रीमती सुनीता बिसेन ने 2024 में पुलिस थाना वारासिवनी में एक आवेदन पत्र देकर उनके परिवार के मकान का नामांतरण कूटरचित फर्जी शपथ पत्र व दस्तावेजों के आधार पर भाई संजीव बिसेन व भाभी चुनेश्वरी बिसेन अधिवक्ता द्वारा अपने नाम पर करवा लेने का आरोप लगाते हुए जॉच की मॉग की गई थी।

## लैब की रिपोर्ट से फर्जी सिद्ध हुआ शपथ पत्र

आवेदिका के आवेदन पर गंभीरता से विचार करने के बाद पुलिस ने मामले की जॉच प्रारंभ की और उन्होंने संदेहास्पद शपथ पत्र को फोरेसिंक लैब में भेजा गया था। लैब से आई रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो गया था कि शपथ पत्र पर किए गए हस्तक्षर फर्जी है और इसे आरोपियों के द्वारा कूटरचित तरीके से तैयार किया गया था।

## तत्कालीन तहसीलदार ने पहले प्रकरण खारिज किया, फिर पुनः सुनवाई पर लेकर निर्णय दे दिया

इस मामले में एक बात और सामने आई है कि इस मामले में पहले आरोपियों द्वारा तहसीलदार के न्यायालय में प्रकरण पेश किया गया था, तो गुण दोष के आधार पर तहसीलदार ने प्रकरण को खारिज कर दिया था। लेकिन बाद में आरोपियों ने प्रकरण में पुनः सुनवाई के लिए आवेदन लगाया, जिसे



तहसीलदार द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

## भाभी को सुनीता बताकर बयान करवाये

इस दौरान आरोपियों ने सुनीता के नाम से अपनी भाभी को शपथ आयुक्त के समक्ष उपस्थित करवा कर सुनीता बिसेन के नाम का शपथ पत्र बनवाया और उसे तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत करवाया। जहॉ पर उनकी भाभी ने अपने बयान में अपने आप को सुनीता बताया। जिसके बाद तत्कालीन तहसीलदार ने प्रकरण में नामांतरण के आदेश जारी कर दिए।

## इन धाराओं में दर्ज हुआ प्रकरण

इस बात की जानकारी लगने के बाद ही सुनीता बिसेन ने मय दस्तावेजों के पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी जॉच के बाद पुलिस ने संजीव ईशूलाल बिसेन 50 वर्ष और उनकी पत्नि चुन्नेश्वरी संजीव बिसेन 42 वर्ष केखिलाफ जॉच कर तथ्य सही पाये जाने पर दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468,120 बी के तहत प्रकरण दर्ज किया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है।

## अधिवक्ता है चुनेश्वरी बिसेन

विदित हो कि चुनेश्वरी बिसेन एक अधिवक्ता है, जिसका नाम बालाघाट अधिवक्ता संघ में दर्ज है। शादी के बाद से वह वारासिवनी में रह रही है और बालाघाट के साथ ही वारासिवनी में भी अधिवक्ता का कार्य संपादित कर रही है।

# पड़ोसी ने दोस्त संग लाखों की चोरी की, गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के भरवेली थाना क्षेत्र में पाथरवाड़ा निवासी कुलप्रकाश नगपुरे के घर हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 17 लाख रुपए के जेवरात और नकदी बरामद की है।

हैरानी की बात यह है कि चोरी की योजना कुलप्रकाश के पड़ोसी मंगल लिल्हारे (30) ने अपने दोस्त अनिल बसेने (29) के साथ मिलकर बनाई थी। मंगल को पता था कि परिवार घर से बाहर गया है। जब पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची, तब भी आरोपी मंगल शातिर तरीके से वहीं मौजूद था ताकि किसी को शक न हो।

29 मार्च की रात करीब 10:30 बजे जब परिवार लौटा, तो घर के ताले टूटे मिले। पुलिस ने तुरंत तीन टीमें बनाकर शहर में नाकाबंदी की। रात में तलाशी के दौरान दुर्गा चौक के पास दो संदिग्ध भागने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

आरोपियों ने सब्बल से दरवाजा तोड़कर अलमारी से भारी मात्रा में सोने-चांदी के गहने चोरी किए थे। पुलिस को इनके पास से रानीहार, नेकलेस, मंगलसूत्र, चांदी की करधन और पायल जैसे कीमती आभूषण मिले हैं। चोरी का यह सामान इन्होंने अपने घर और पानी की टंकी के नीचे छिपाकर रखा था।

नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी ने बताया कि आरोपियों पर पहले से मारपीट के मामले दर्ज हैं, लेकिन चोरी की यह उनकी पहली वारदात थी जिसमें वे चंद घंटों में ही पकड़े गए।

# विकास प्रसफुटन समिति बोदा एवं जन विकास समिति गढ़ी के सहयोग से जल मंदिर का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

30 मार्च को ग्राम बोदा में ग्राम विकास प्रसफुटन समिति बोदा और नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकास समिति गढ़ी के सयुंक्त सहयोग से जल मंदिर का विधिवत शुभारंभ किया गया,इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोदा की सरपंच श्रीमती इन्द्राणी मेरावी,एवम सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के विशेष उपस्थिति मे एवम उनके कर कमलों द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ किया गया,उक्त कार्यक्रम मे प्रसफुटन समिति के अध्यक्ष /सचिव, नवांकुर संस्था के संस्था प्रमुख अमित पाटिल, कार्यक्रम समन्वयक हाकेश शांडिल्य, एवम सदस्य गण सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### अवैध कार्यो को दिया जा रहा संरक्षण

# नियमों को दरकिनार कर रहा परिवहन विभाग

## दलाल से लेकर अधिकारी तक का कमीशन फिक्स

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में परिवहन विभाग सरकार के नियमों को पूरी तरह ताक पर रख कर चलाया जा रहा है। जबकि सरकार द्वारा लोगों की सुविधाओं के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर जनता को लूटने से बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। लेकिन परिवहन विभाग मे यह ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। परिवहन विभाग कार्य कराने के लिए आने वाले लोगों बिना अधिकारी से लेकर दलाल तक का कमीशन दिए बगैर काम करा पाना संभव नही है। अधिकारी के लापरवाही व लचर रवैये के कारण दलाल, बाबू व अधिकारी भी चांदी पीट रहे है। जिम्मेदार नेताओं द्वारा भी उक्त ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की परिवहन विभाग के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी व दलालों की जांच पड़ताल कर ठोस कार्रवाई की जावे जिससे अवैध कमाई के सम्राज्य का समापन हो सके।

## अधिकारी का कमीशन फिक्स

सूत्रों के अनुसार परिवहन विभाग मे काम कराने के लिए आये आवेदनों मे प्रत्येक कार्य का अलग - अलग कमीशन फिक्स होता है। जिसमें सबसे ज्यादा अधिकारी का फिर बाबू का और जो बचता है वह दलाल का होता है। परिवहन विभाग मे काम करने वाले दलालों मे प्रत्येक कैटेगिरी के दलाल है जिसमें कुछ दलालों द्वारा कार्य का सप्ताह मे हिसाब होता है तो कुछ का प्रतिदिन और अधिक रसूखदार दलालों का माह में एक बार हिसाब किताब होता है। जानकारों की माने तो परिवहन अधिकारी एक मे दिन मे एक लाख रूपए से अधिक का कमीशन प्राप्त कर रहे। वही अधिकारी द्वारा कमीशन की राशि का हिसाब किताब के लिए निजी कर्मचारी भी रखा गया। परिवहन मंत्री के जिले में यह हाल है तो अन्य जिलों मे क्या हाल होगा। परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अवैध कमाई मे लीन होने के कारण शिकायतों पर कार्रवाई नही की जाती और शिकायत को नजरअंदाज किया जाता है। वही जागरूक नागरिक द्वारा कलेक्टर को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत मे बताया गया है जिले मे बड़ी संख्या मे ऐसे लोगों द्वारा ट्रेक्टर ट्राली का निर्माण कर विक्रय किया जा रहा है जिनके पास ट्रेड मार्क आवंटित ही नही किया गया है। जबकि नियमानुसार ट्रेड मार्क प्राप्त करने के उपरांत निर्माता को निर्माण किए जाने वाली ट्राली का नक्शा भी पास कराना होता है। लेकिन सूत्रों की माने तो जिले मे ऐसे एक्का दुक्का ही जिनके द्वारा नियमों का पालन किया जा रहा है।

# परसवाड़ा में अवैध मिट्टी उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, जेसीबी सहित 8 ट्रैक्टर जब्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले की परसवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम हर्राभाट में अवैध मिट्टी उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और अवैध खनन करते पाए जाने पर 1 जेसीबी मशीन एवं 8 ट्रैक्टरों को जब्त किया। यह कार्रवाई एसडीएम श्री श्रीश प्यासी की उपस्थिति में नायब तहसीलदार सुश्री पूर्णिमा भगत के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम द्वारा की गई। जांच के दौरान पाया गया कि बिना अनुमति के मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा था, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों को जब्त कर लिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की मांग की है।

### सरंडी गोलाई में भीषण हादसा

# दो बाईकों की टक्कर में 5 युवक गंभीर रुप से घायल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी.कटंगी मार्ग पर ग्राम सरंडी गोलाई के पास रविवार की रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे दो बाइकों की आमनेण्सामने की टक्कर में 5 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय वाहन से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट भेज दिया गया।



जानकारी अनुसार कोपे चिल्लौद निवासी तीन युवक फोटोग्राफी कार्य के लिए ग्राम सरंडी में विवाह समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान कटंगी-लोहमारा की ओर से आ रही बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कटंगी की ओर से आ रही बाईक में सवार दो युवक और सरंडी जा रहे तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो कर सडक़ पर गिर पड़े। इसी दौरान एक शादी समारोह से वापस लौट रहे विधायक विवेक पटेल ने घायलों को सडक़ पर तड़पता देखा, तो तत्काल वाहन रोककर डायल 112, एम्बुलेंस 108 व थाना प्रभारी पवन यादव को सूचना दी। जिस पर कुछ ही देर में पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया।

इस दुर्घटना में घायल युवकों में अंकित डोंगरे, रत्नदीप मेश्राम व अजय डोंगरे ग्राम कोपे चिल्लौद निवासी तथा कर्तव्य पंचेश्वर व मनीष नागेश्वर ग्राम महदुली निवासी शामिल हैं। सभी को सिर, हाथ व पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। बताया जाता है कि कर्तव्य पंचेश्वर व मनीष नागेश्वर रविवार की सुबह बाईक से अपने जीजा को छोडऩे के लिए कटंगी लोहमारा गए हुए थे और रात्रि के समय बाईक से वह दोनों वापस लौट रहे थे।

विदित हो कि वर्तमान समय में शादी ब्याह का मौसम चल रहा है। जिसमें ग्रामीण व शहरी लोग भी अपने रिश्तेदारों व जान पहचान के लोगों के घरों के शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने निजी वाहनों बाईक, कार आदि से जाना आना करते है। जिसके कारण सडक़ मार्गो पर रात्रि में वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। इसी के चलते रात्रि में दुर्घटना का ग्राफ भी बढ़ रहा है।

### न नियम, न लाइसेंस फिर भी धंधा चालू, मरीजों की सेहत के साथ खुला खिलवाड़

# किरनापुर में शारीरिक जाँच रिपोर्ट का जाल'!

## एक दर्जन से ज्यादा अवैध पैथोलॉजी बेखौफ संचालित

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है, जहां एक-दो नहीं बल्कि एक दर्जन से अधिक अवैध पैथोलॉजी लैब बेखौफ संचालित हो रही हैं। बिना पंजीयन, बिना योग्य विशेषज्ञ और बिना मानकों के चल रही इन लैबों में मरीजों की जांच की जा रही है, जिससे गलत रिपोर्ट और गलत इलाज का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग सब कुछ जानते हुए भी अब तक ठोस कार्रवाई से दूर नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार किरनापुर क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक पैथोलॉजी सेंटर ऐसे हैं, जो पूरी तरह अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। इन लैबों के पास न तो वैध लाइसेंस है और न ही प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन या मान्यता प्राप्त पैथोलॉजिस्ट की देखरेख। शासन के स्पष्ट नियम हैं कि किसी भी पैथोलॉजी का संचालन पंजीयन, निर्धारित उपकरणों और योग्य चिकित्सकीय निगरानी में ही किया जा सकता है, लेकिन यहां खुलेआम इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

इन अवैध लैबों द्वारा दी जा रही जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गलत रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का इलाज होने से उनकी स्थिति और गंभीर हो सकती है, जो सीधे तौर पर जानलेवा भी साबित हो सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस अवैध कारोबार पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत है या फिर लापरवाही का आलम इतना गहरा है कि आम जनता की सेहत से खिलवाड़ नजरअंदाज किया जा रहा है? इस संबंध में जब




ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (BMO) वर्ष चौबे से बात की गई तो उन्होंने कहा, "यदि किसी भी अवैध पैथोलॉजी संचालन की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"

अब देखना यह होगा कि इस बयान के बाद स्वास्थ्य विभाग नींद से जागता है या फिर अवैध पैथोलॉजी का यह जाल यूं ही फैलता रहेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई कर ऐसे सेंटरों पर ताला लगाया जाए, ताकि लोगों की जान के साथ हो रहा यह खिलवाड़ रोका जा सकेगा या नहीं।

**//नाम परिवर्तन सूचना//**

मैं धमेन्द्र देशमुख पिता नूलसिंह देशमुख निवासी वार्ड नं. 14 ग्रा. सारसडोल पो. जानपूर, तह. बिरसा(बैहर) जिला बालाघाट का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस क्रं.MP5020160088911 में मेरा नाम DHARMENDRA KUMAR PATLE दर्ज है जो कि गलत हैं। जबकि सभी दस्तावेजों में DHARMENDRA DESHMUKH हैं जो कि सही व सत्य हैं। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में धमेन्द्र कुमार पटले के स्थान पर धमेन्द्र देशमुख सुधार किया जाएं एवं लिखा व पढ़ा जावें।

# गुडरूघाट में विरागंना रानी अंवतिबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुडरूघाट में 29 मार्च रविवार को रानी अंवतिबाई लोधी संगठन गुडरूघाट के तत्वावधान में रानी अंवतिबाई बाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट , कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी एंव अन्य अतिथीगण प्रमुख आतिथ्य के रूप में मौजूद रहें , जिन्होंने अपने हस्ते विरांगना रानी अंवतिबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर रानी अंवतिबाई बाई की प्रतिमा के समक्ष दिप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया एंव वंदन किया गया। जिसके बाद अतिथीगणो को स्वागत-सत्कार किया गया। इस दौरान



वक्तओ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की विरागनां रानी अंवतिबाई लोधी के बलिदान, संघर्ष को सदा स्मरण रखा जाएगा। उन्होंनो अंग्रेजो के खिलाफ आवाज उठाई और लड़ाई लडी , संघर्ष किया, और अपने प्राणो की आहूती दि। उन्हे सदा नमन और याद किया जाएगा। स्थापित उनकी प्रतिमा से प्रेरणा लेवे ,उनके आदर्शो और विचारो पर चलकर सकारात्मक सोच से आगे बढे । साथ ही वक्तओ ने कहा की महापुरुषो की जीवनी को पढे, प्रेरणा लेकर अनुसरण करे और समाज कल्याण में योगदान देवे तथा महापुरूषो की जयंति व कार्यक्रमो को सब मिलकर एंव सब सम्मिलित होकर मनाए ।आगे यह भी कहा की शिक्षा से ही सामाजिक, राजनीतिक ,आर्थिक एंव शैक्षणिक तरक्की होगी इसलिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देवे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार नागपुरे अध्यक्ष किसान गर्जना संगठन बालाघाट एंव अनिल मसकरे सरपंच सावरगांव के द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में दिलीप बिसेन सरपंच गुडरूघाट ,दुर्गाप्रसाद प्रसाद लिल्हारे जनपद उपाध्यक्ष खैरलांजी, खेमराज दमाहे अध्यक्ष भाजपा कामगार मोर्चा नागपुरे, प्रकाश ऊके जिप.सदस्य भौरगढ, जिला पंचायत सदस्य सुनिता मानसिंह बहेटवार खैरलांजी,दिपेश्वरी डोमन सिंह लिल्हारे भाजपा मंडल अध्यक्ष,आलोक पाटील जनपद सदस्य,आई.एल.उपवशीं पूर्व आर आई.,गणेश नागपुरे पूर्व जनपद सदस्य, योगेश सुलाखियी ,चंदुलाल उपवशीं , छोटू लिल्हारे, कृष्ण कुमार दमाहे, समिति अध्यक्ष जितेन्द्र लिल्हारे, उपाध्यक्ष थानसिंह मसकरे,सचिव चैनलाल उपवंशी, कोषाध्यक्ष धुर्वेसन दशहरे, संचालक श्रावण कुमार उपवंशी, दामेंद्र मंदरेले, योगराज नागपुरे, खिलेश लिल्हारे, रूपेश बिरनवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिले की 6853 बालिकायें बनी लाड़ली लक्ष्मी

**बालाघाट।** प्रदेश में बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना 01 अप्रैल 2007 से प्रारम्भ की गई । वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले में 6853 बालिकाओं को जोड़ा गया है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 102 प्रतिशत है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि वर्ष 2025-26 में लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले में 6723 बालिकाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध 30 मार्च 2026 तक जिले की 6853 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना में शामिल किया गया है। बाल विकास परियोजना कटंगी में 727 के लक्ष्य के विरूद्ध 731, किरनापुर में 755 के लक्ष्य के विरूद्ध 840, खैरलांजी में 644 के लक्ष्य के विरूद्ध 631, परसवाड़ा में 404 के लक्ष्य के विरूद्ध 412, वारासिवनी में 743 के लक्ष्य के विरूद्ध 743, बालाघाट ग्रामीण में 747 के लक्ष्य के विरूद्ध 753, बालाघाट शहरी में 240 के लक्ष्य के विरूद्ध 245, बिरसा में 596 के लक्ष्य के विरूद्ध 600, बैहर में 398 के लक्ष्य के विरूद्ध 400, लांजी में 691 के लक्ष्य के विरूद्ध 699 तथा बाल विकास परियोजना लालबर्रा में 778 के लक्ष्य के विरूद्ध 799 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना में शामिल किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चरेगांव**
**जनपद पंचायत बालाघाट, जिला बालाघाट(म.प्र.)**

स्थान- चरेगांव | दिनांक 29/03/2026

**//निविदा सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चरेगांव में वित्तीय वर्ष 2026-27 में किये जाने वाले विभिन्न मदों (15 वा वित्त आयोग, 5 वा वित्त, विधायक निधि, सांसद निधि,गौण खनिज, एसबीएम, वी बी जी राम जी, राज्य वित्त, स्टाम्प शुल्क अन्य )से निर्माण कार्य हेतु आवश्यक सामग्री सीमेंट गिट्टी रेत,लोहा,पेंट, गार्डन सामग्री, डिजिटल बोर्ड, तार, जाली,पोल मुरूम,मिट्टी,ईट, पाइप व अन्य सामग्री क्रय किया जाना व सेंटरिंग, मिक्सर मशीन, वाइब्रेटर किराए पर लिया जाने ग्राम पंचायत कार्यालय हेतु फर्नीचर, ई कक्ष संबंधित कंप्यूटर सामग्री,स्वच्छता संबंधी चेयर और कचरा पेटी क्रय किया जाने स्ट्रीट लाइट संबंधी नवीन कार्य व मरम्मत कार्य किया जाने हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है! उक्त निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में 30 मार्च 2026 से 05 अप्रैल 2026 तक कार्यालय समय पर जमा की जा सकती है अधिक जानकारी के लिए कार्यालय ग्राम पंचायत से संपर्क किया जा सकता है।

श्रीमती मीना बिसेन, सरपंच, ग्रा.पं. चरेगांव
सचिन अग्रवाल, उपसरपंच, ग्रा.पं. चरेगांव
आशीष रहाँगडाले, सचिव, ग्रा.पं. चरेगांव